**वार्षिक परीक्षा 2023-24**

**जे बी अकादमी अयोध्या उ० प्र०**

**समय-3 घंटे** **कक्षा -9 विषय- हिन्दी (002)** **पूर्णांक -80**

**निर्देश :-**

**• प्रश्न-पत्र दो खंडों - खंड-'अ' और खंड 'ब' का होगा।**

**• खंड-'अ' में 44 वस्तुनिष्ठपरक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर देने होंगे। • खंड-ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे।**

**खंड-'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

आज परिवार का अर्थ केवल पति-पत्नी और बच्चे तक सीमित है। संयुक्त और बड़े परिवार अब खत्म-से हो गए हैं, जबकि बड़ा परिवार एक वटवृक्ष की भांति होता है, जो मनुष्य के जीवन में आने वाले आँधी-तूफान में डटकर खड़ा रहता है। छोटे और एकल जरा-सी भी मुश्किल घड़ी में घबराकर अक्सर आत्मघातक कदम तक उठा लेते हैं। यू०एन० वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने बड़े परिवार के संदर्भ में अध्ययन करने पर पाया कि बड़ा परिवार व्यक्ति को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में करता है, बल्कि बीमारी या तनाव की स्थिति में अपनी प्रेरणा और देखभाल से एक बार फिर उसे चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार करता है। चिंतक जॉर्ज बर्न्स ने बड़े परिवार के संदर्भ में टिप्पणी की है, "आप देश, शहर या गाँव के किसी भी हिस्से में रहें, खुशी उसी घर में आती है, जहाँ एकजुट परिवार होता है और उनके सुख-दुख साझा होते हैं।" दरअसल, व्यक्ति के वर्तमान और भविष्य का ढाँचा परिवार की मजबूत नींव पर ही टिका हुआ होता है। परिवार की नींव जितनी मजबूत होगी, व्यक्ति उतना ही सफल होगा। परिवार के साथ प्रेम और समर्पण से रहने के लिए शब्दों से अधिक महत्व भावनाओं का होता है। यदि व्यक्ति अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे, तो उनमें आपसी लड़ाई कम होती है। विद्वान जॉर्ज मूर कहते हैं, "अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए आप दुनिया का चक्कर लगा सकते हैं, लेकिन असली जरूरत एक भरा-पूरा घर-परिवार ही पूरी कर सकता है।" इसलिए बच्चों को बचपन से ही बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाना चाहिए। परिवार से संबंधित विषयों की लेखिका फराह बारिया का कहना है, "यदि आप अपने बच्चों को आदर्श बनाना चाहते हैं, तो उन्हें बड़े परिवार के साथ जोड़िए। बच्चा उनके बीच रहकर स्वयं संस्कार और सद्गुण सीख जाएगा।"

(i) संयुक्त परिवार मनुष्य के विकास के लिए अति आवश्यक है क्योंकि-

**कथन**

(i) यह मनुष्य को केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है।

(ii) यह मनुष्य को केवल मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है।

(iii) यह मनुष्य को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है।

(iv) यह मनुष्य को चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार करता है।

**विकल्प**

(क) कथन (i) सही है। ख) कथन (i) और (ii) सही हैं।

(ग) कथन (ii) और (iii) सही हैं। (घ) कथन (iii) और (iv) सही हैं।

(ii) गद्यांश में बड़े परिवार पर अध्ययन करने वाली किस संस्था का उल्लेख किया गया है?

(क) वाई०एच०ए०

(ख) डब्ल्यू०टी०ओ०

(ग) एच०एम०ओ०

(घ) डब्ल्यू०एच०ओ०

(iii) व्यक्ति की सफलता किस पर निर्भर करती है?

(क) समाज की उन्नति पर

(ख) परिवार की नींव की मज़बूती पर

(ग) शहर की उन्नति पर

(घ) शारीरिक मजबूती पर

(iv) आपकी असली जरूरत कौन पूरी कर सकता है?

(क) आपकी जमा-पूँजी

(ख) आपके बड़े-बुजुर्ग

(ग) आपकी कड़ी मेहनत

(घ) आपका भरा-पूरा परिवार

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

**कथन (A):** परिवार में लड़ाई कम होती है।

**कारण (R):** यदि व्यक्ति अपने परिवार के साथ भावात्मक रूप से जुड़ा रहता है।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 2- निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

नभ में उग आई लो!
रंग-भरी रेखा एक टेढ़ी-सी,
जिसको हम इंद्रधनुष कहते हैं।
उमड़-घुमड़ कर अभी
बादल ये बरसे हैं,
महक उठी धरती
और फूल-पत्ती-पौधे
सब सरसे हैं।
जीवन में इसी तरह
दुख की घटाओं का अँधेरा है,
इसके भी पीछे शायद
रंगों का घेरा है।

एक इसी आशा के तर्क पर
और दाह हम सह सकते हैं,
जीवन में इसी आकर्षण को
इंद्रधनुष कहते हैं।

(i) कवि द्वारा इंद्रधनुष का उदाहरण देने का क्या कारण है?

(क) जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखने के लिए प्रेरित करना।

(ख) जीवन के प्रति निराशावादी दृष्टिकोण रखने के लिए प्रेरित करना।

(ग) जीवन में सुखों के बाद दुखों की आशा का भाव जगाना।

(घ) जीवन में भौतिकवादी वस्तुओं की ओर बढ़ते रहना।

(ii) ‘कवि ने बादलों की तुलना से की है?

(क) सुख भरे जीवन से | (ख) दुख के अंधकारपूर्ण घटनाओं से

(ग) महकती धरती स | (घ) उमड़-घुमड़ से

(iii) ‘इसके पीछे शायद रंगों का घेरा है। का आशय है-

(क) जीवन में सुख के बाद दुख आता है। | (ख) जीवन में दुखों के बाद सुख आता है।

(ग) जीवन में हमेशा दुख ही होता | (घ) जीवन में संघर्ष ही होता है।

(iv) मनुष्य अपने जीवन में किस विश्वास के आधार पर दुख-दाह सहन कर लेते हैं?

(क) दुख के बाद जीवन में सुख के सतरंगी इंद्रधनुष का आविर्भाव होगा।

(ख) जीवन में दुख के बाद सुख का अनुभव होता है।

(ग) काले बादलों के बरस जाने के बाद घरती आकर्षक हो जाती है।

(घ) उपर्युक्त सभी

(v) कथन (A) और कारण ® को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): जीवन में हम दुखों एवं कष्टों को सहते रहते हैं।

कारण ®: दुख के बाद जीवन में सुख के सतरंगी इंद्रधनुष का आविभांव होगा।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण ® सही है। (ग) कथन (A) सही है और कारण ® कयन (A) की सही व्याख्या है।

(ख) कथन (A) और कारण ® दोनों गलत हैं। (घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण ® कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 3- निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(i) 'उच्चारण' - इस शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग छाँटकर लिखें-

(क) उ ख- उद् ग- उत् घ- उच

(ii) 'अन' शब्द चुनिए, जिसमें इस उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ?

क- अनजान　　　ख- अनपढ　　　ग- अनुकूल　　　घ- अनमोल　　　P.T.O.

(iii) 'भीलनी' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ?

क- इनी　　　ख- लनी　　　ग- नी　　　घ- अनी

(iv) 'तम' प्रत्यय से निर्मित शब्द चुनिए-

(i) उच्चतम　　　(ii) लघुत्तम　　　(iii) सतम　　　(iv) गतम

(क) केवल (i) सही है।　　　(ख) (i) और (iii) सही हैं

(ग) (i) और (ii) सही हैं।　　　(घ) (ii) और (iv) हैं।

(v) कॉलम-I (शब्द) को कॉलम-II (उपसर्ग -प्रत्यय) के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| **कॉलम-I** | **कॉलम-II** |
|---|---|
| 1. निवारण | i. सत् |
| 2. सज्जन | ii. ईन |
| 3. रंगीन | iii. नीय |
| 4. पठनीय | iv. नि |
| | v. अनीय |

**विकल्प -**

(क) 1-(iii), 2-(i), 3-(ii), 4-iv)　　　(ख) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(v)

(ग) 1-(iv), 2-(i), 3-(ii) 4-(v)　　　(घ) 1-(i), 2-(ii), 3-(iv) 4-(iii)

**प्रश्न4- निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)**

**I** - समास विग्रह का सही उदाहरण है -

i- ऋण से युक्त =ऋणमुक्त　　　ii- शोक से आकुल =शोकव्याकुल

iii- वन को गमन = वनगमन　　　iv- रेखा से अंकित= रेखांकित

**विकल्प-**

क- i और ii सही है।　　　ख- i,ii , और iii सही है।

ग- iii और iv सही है।　　　घ- i, ii, iii, और iv सही है।

II-'नवरत्न' शब्द का सही समास विग्रह है -

क-नव है जो रत्न　　　ख-नया-नया रत्न

ग-नए रत्नो का समूह　　　घ- नव( नौ) रत्नो का समूह

III-जिस समास मे दोनो पद प्रधान होते हैं तथा विग्रह करने पर 'और''या' लगता है उसे कौन सा समास कहते हैं -

क-तत्पुरुष समास　　　ख- कर्मधारय समास

ग-द्वन्द्व समास घ-अव्ययीभाव समास 

IV- 'आरामकुर्सी ' शब्द का सही समास विग्रह होगा -

क-आराम की कुर्सी ख-आराम का कुर्सी

ग-कुर्सी के लिए आराम घ-आराम के लिए कुर्सी

V- 'हर एक क्षण' (समास विग्रह) मे समास का भेद बताइये -

क-द्विगु समास ख- कर्मधारय समास

ग-अव्ययीभाव समास घ- तत्पुरुष समास

**प्रश्न 5- निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए- 1x4=4**

(i) "मैं दौड़ नहीं सकता' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद चुनिए-

(क) प्रश्नवाचक (ख) विधानवाचक (ग) निषेधवाचक (घ) संदेहवाचक

(ii) इच्छावाचक वाक्य कौन-सा है?

(क) अगर वह चले, तो में अवश्य जाऊँगा। (ख) शायद हम घूमने जाएँ।

(ग) आप सब पर प्रभु की कृपा बनी रहे। (घ) क्या तुम पढ़ोगे?

(iii) 'यदि वर्षा अच्छी होती है, तो फसल भी अच्छी होती है।'- अर्थ की दृष्टि से सही वाक्य-भेद चुनिए-

(क) विधानवाचक (ख) संकेतवाचक

(ग) प्रश्नवाचक (घ) विस्मयवाचक

(iv) 'बच्चे निबंध लिख रहे हैं। इस वाक्य का संदेहवाचक वाक्य में परिवर्तन होगा-

(क) बच्चे निबंध लिखना चाहेंगे। (ख) बच्चो। निबंध लिखो।

(ग) बच्चे निबंध लिखेंगे। (घ) शायद बच्चे निबंध लिख रहे हैं।

(v) सूर्य प्रतिदिन उदय और अस्त होता है। वाक्य भेद होगा-

(क) निषेधवाचक (ग) आज्ञावाचक

(ख) विधानवाचक (घ) संकेतवाचक

**प्रश्न 6- निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1x4=4**

(i) 'वह बाल रबि सम लाल होकर ज्वाल-सा बोधित हुआ।' इस काव्य-पक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-

(क) उपमा अलंकार (ख) रूपक अलंकार

(ग) यमक अलंकार (घ) अनुप्रास अलंकार

(ii) 'कल कानन कुंडल मोरपखा' -पक्ति में प्रयुक्त अलंकार चुनिए-

(क) रूपक (ख) उपमा (ग) यमक (घ) अनुप्रास

(iii) 'नदियाँ जिनकी यशधारा-सी, बहती हैं अब भी निशि वासर।' काव्य-पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है?

(क) अनुप्रास (ख) यमक (ग) रूपक (घ) उपमा

(iv) 'कोटिक ए कलधौत के धाम करीललके कुंजन ऊपर वारौं ' इस काव्य पंक्ति मे प्रयुक्त अलंकार है -

(क)- उपमा (ख)- अनुप्रास (ग)- यमक (घ) -रूपक

(v) 'विज्ञान-यान पर चढ़ी हुई सभ्यता डूबने जाती है' इस काव्य पंक्ति मे प्रयुक्त अलंकार है -

(क)- रूपक (ख)- यमक (ग) - उपमा (घ) - उत्प्रेक्षा

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1x5=5**

सामंती संस्कृति के तत्व भारत में पहले भी रहे हैं। उपभोक्तावाद इस संस्कृति से जुझ रहा है। आज सामंत बदल गए है, सामती संस्कृति का मुहावरा बदल गया है। हम सांस्कृतिक अस्मिता की बात कितनी ही करें, परंपराओं का अवमूल्यन हुआ है, आस्थाओं का क्षरण हुआ है। कड़वा सच तो यह है कि हम बौद्धिक दासता स्वीकार कर रहे हैं, पश्चिम के सांस्कृतिक उपनिवेश बन रहे हैं।

(i) सामंती संस्कृति से क्या आशय है?

(क) सामंतो की संस्कृति (ख) उपयोगी संस्कृति

(ग) वीरों की संस्कृति (घ) उपभोक्तावादी संस्कृति

(ii) सामंती-संस्कृति का मुहावरा बदलने से क्या तात्पर्य है?

(क) उसके रंग-रूप में परिवर्तन (ख) उसकी सोच में बदलाव

(ग) उसके तौर-तरीकों में परिवर्तन (घ) उसके रूप में बदलाव

(iii) सांस्कृतिक अस्मिता किसे कहते हैं?

(क) विशेष पहचान को (ख) सांस्कृतिक पहचान को

(ग) संस्कृति के दोषों को (घ) संस्कृति के गुणों को

(iv) कड़वा सच किसे कहा गया है?

(क) सामंती संस्कृति को (ख) उपभोक्तावाद को

(ग) भारतीयों द्वारा पश्चिमी उपभोक्तावादी संस्कृति को अपनाना (घ) सामती संस्कृति का मुहावरा बदलना

(v) बौद्धिक दासता किसे कहते हैं?

(क) अपनी सोच छोड़ दूसरों की सोच को सही मानना (ख) दूसरों को गुलाम बनाना

(ग) दूसरों की गुलामी करना (घ) अपनी सोच दूसरों पर थोपना

**8. निम्नलिखित गद्य पार्टी के आधार पर दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1x2=2**

(i) लेखिका महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है

(क) हिंदी-प्रेमी और लेखन-गायन की शौकीन (ख) संस्कृत भाषा में कुशल

(ग) धार्मिक स्वभाव की महिला (घ) उपर्युक्त सभी

P.T.O.

(ii) नेपाल-तिब्बत मार्ग पर फौजी चौकियों और किले बनाए गए थे क्योंकि-

(क) पहले कभी सैनिक मार्ग थी। (ख) किसानों के रहने के

(ग) इनमें चीनी सैनिक रहा करते थे (घ) 'क' और 'ग' दोनों सही है।

**प्रश्न 9- निम्नलिखित पठित पद्द्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5**

क्या?-देख न सकती जंजीरों का गहना?
हथकड़ियाँ क्यों? यह ब्रिटिश राज का गहना
कोल्हू का चर्रक चूँ?-जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान!
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जुआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुँआ।
दिन में करुणा क्यों जगे, रुलानेवाली,
इसलिए रात में गजब ढा रही आली?
इस शांत समय में,
अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो?
कोकिल बोलो तो!
चुपचाप, मधुर विद्रोह-बीज
इस भाँति बो रही क्यों हो?
कोकिल बोलो तो!

(i) कवि का कैदी जीवन किस प्रकार का था?

(क) सुखों से भरा (ख) मस्ती भरा (ग) यातनापूर्ण (घ) जानवर जैसा

(ii) कवि को किस कारण जेल में जाना पड़ा?

(क) उन्होंने झूठ बोला था। (ख) स्वतंत्रता-आंदोलन में हिस्सा लिया था।

(ग) ब्रिटिश सरकार की बात नहीं मानी थी। (घ) अपने साथियों से झगड़ा किया था।

(iii) हथकड़ियों को 'गहना' क्यों कहा गया है?

(क) हथकड़ियाँ सुंदरता को बढ़ाती हैं। (ख) कैदी भाग नहीं सकते।

(ग) ये भारी होती हैं। (घ) वे स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का प्रतीक हैं।

(iv) कोयल दिन में न कूककर रात को क्यों कूक रही है?

(क) वह सबकी नींद खराब करना चाहती है। (ख) वह सबको मीठी नींद सुलाना चाहती है।

(ग) वह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह भड़काना चाहती है।　　(घ) वह सदा मनमानी करती है।

P.T.O

(v) 'हथकड़ी' किस समास का उदाहरण है?

(क) बहुव्रीहि समास　　(ख) अव्ययीभाव समास

(ग) कर्मधारय समास　　(घ) तत्पुरूष समास

**प्रश्न 10- पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीरय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-　　1x2=2**

(i) इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?

(क) जो सदा पूजा-पाठ करे　　(ख) जो पक्ष या विपक्ष में हो

(ग) जो निष्पक्ष होकर ईश्वर से प्रेम करे　　(घ) जो अपने स्वार्थ-हित भक्ति करे

(ii) शिव का वास कहाँ है? 'वाख' के आधार पर उत्तर दें-

(क) शिवालय में　　(ख) हर घर में

(ग) पर्वत की चोटी पर　　(घ) सर्वत्र कण-कण में

**खंड-'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्रश्न 11- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-　　2x3=6**

(क) पाठ 'साँवले सपनों की याद' सालिम अली पर्यावरण चिंता व्यक्त करता है? पर्यावरण को बचाने के लिए आप कैसे योगदान दे सकते हैं?

(ख) छोटी बच्ची की लाई रोटी से बैलों की भूख शांत क्यों हो जाती है?

(ग) आज भारतीय समाज को कैसी शक्तियाँ प्रभावित कर रही हैं? उपभोक्तावाद की संस्कृति पाठ के आधार पर लिखिए।

(घ) मेरे बचपन के दिन' पाठ की लेखिका महादेवी वर्मा को कविता लिखने की प्रेरणा किस प्रकार मिली?

**प्रश्न 12- निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-　　2x3=6**

(क) साखियों और पदों के आधार पर कबीर के धार्मिक और साम्प्रदायिक सद्भाव संबंधी विचारों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) ब्रजभूमि के प्रति कवि रसखान का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

(ग) आपके विचार से बच्चों को काम पर क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए? उन्हें क्या करने के मौके मिलने चाहिए।

(घ) कविता में मेघ को 'पाहुन' के रूप में चित्रित किया गया है। हमारे यहाँ अतिथि (दामाद) की विशेष महत्व प्राप्त है। लेकिन आज इस परंपरा में परिवर्तन आया है। आपको इसके क्या कारण नज़र आते हैं। लिखिए।

**प्रश्न 13- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए-**

**4x2=8**

(**क**) 'ईह! जब दानापुर डूब रहा था तो पटनिया बाबू लोग उलटकर देखने भी नहीं गए अब बूझो।' इस कथन के द्वारा लोगों की किस मानसिकता को दिखाने का प्रयास किया गया है। 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

(ख) लेखिका की दादी के घर के माहौल का शब्द-चित्र अपने शब्दों मे अंकित कीजिए। क्या आप भी अपने घर में वैसा ही माहौल चाहेंगे। यदि हाँ तो क्यों? यदि नहीं तो क्यों? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। P.T.O.

(ग) हमारे समाज में महिलाओं की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं? 'रीढ की हड्डी' पाठ के आधार पर तर्क सहित उत्तर दें ।

**प्रश्न 14- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** **6**

**(क) मोबाइल का मायाजा**

**संकेत बिंदु:**

*आज की आवश्यकता

*बढ़ती समय की बर्बादी ।

*उचित प्रयोग आवश्यक ।

**(ख) शिक्षक- शिक्षार्थी संबंध**

**संकेत बिंदुः-**

*प्राचीन भारत में गुरु शिष्य संबंध

*वर्तमान युग में आया अंतर

*हमारा कर्तव्य

**(ग) आजादी का अमृत महोत्सव**

**संकेत बिन्दुः-**

*महोत्सव का शुभारंभ

*विभिन्न गतिविधियों का संगम

*75वीं वर्षगाँठ का अर्थ एवं उद्देश्य

**प्रश्न 15- अपने विद्रद्यालय में नवीनतम खेत-सामग्री मंगवाने हेतु प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। 5**

**अथवा**

**दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर अपने मित्र को सांत्वना देते हुए लगभग 100 शब्दों मे पत्र पत्र लिखें ।**

**प्रश्न 16- 'मेरे बचपन का यादगार दिन' विषय पर लगभग 100 शब्दों मे लघुकथा-लेखन करें । 5**

**अथवा**

**अपने मोहल्ले मे एक पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम अधिकारी को ई-मेल लिखें ।**

**प्रश्न 17- अयोध्या की बदलती तस्वीर पर दो व्यक्तियों के मध्य लगभग 80 शब्दों मे संवाद लिखें। 4**

**अथवा**

**आप क० ख० ग० विद्यालय की छात्र परिषद के सांस्कृतिक सचिव हैं। अपने विद्यालय मे शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हेतु सूचना तैयार करें ।**